भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4556
दिनांक 19 मार्च, 2026

बिहार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का विस्तार

†4556. **डॉ. आलोक कुमार सुमनः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार में सिटी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त राज्य में सिटी गैस वितरण नेटवर्क के अंतर्गत कवर किए गए जिलों तथा नगरों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) बिहार में ग्रामीण तथा अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों तक कवरेज के विस्तार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) राज्य में सीजीडी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियाँ क्या हैं तथा उन्हें दूर करने के लिए उठाए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) बिहार में सीजीडी नेटवर्क के विस्तार के लिए सरकार द्वारा निर्धारित भावी लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ड़) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन देना, संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन स्थापित करना और पाइपलाइन अवसंरचना बिछाना, नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा उनके न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार किया जाता है।

पीएनजीआरबी ने 14 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) (जिनमें बिहार और झारखंड में फैले 3 जीए, बिहार और उत्तर प्रदेश में फैले 1 जीए शामिल हैं) को प्राधिकृत किया है जो बिहार राज्य के सभी जिलों (ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों सहित) को कवर करते हैं। दिनांक 31.1.2025 की स्थिति के अनुसार बिहार राज्य में घरेलू पीएनजी (डी) कनेक्शन, सीएनजी स्टेशनों और पाइपलाइन अवसंरचना का जीए-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

पीएनजी नेटवर्क के विस्तार में आ रही समस्याओं का मुख्य कारण वैधानिक प्राधिकरणों द्वारा अनुमति देने में हो रही देरी है। हालाँकि, सीजीडी कंपनियों द्वारा पाइपलाइन बिछाने से संबंधित रिपोर्ट की गई किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए उचित प्राधिकरणों के साथ उपयुक्त तरीके से उठाया जाता है। इसके अलावा, परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा पीएनजीआरबी और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा कंपनियों के साथ मिलकर की जा रही है, जिससे चुनौतियों और प्राधिकृत जीए में उनके एमडब्ल्यूपी लक्ष्यों पर नवीनतम जानकारी पर चर्चा की जा सके।

*****

अनुलग्नक

'बिहार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का विस्तार' के संबंध में दिनांक 19.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 4556 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिनांक 31.01.2026 की स्थिति के अनुसार बिहार राज्य में सीजीडी की स्थिति

क्र म सं.	भौगोलिक क्षेत्र/ सीजीडी नेटवर्क	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्राधिकृत सीजीडी इकाई	प्राधिकार की तिथि	लक्ष्य पूर्ण होने की तिथि	पीएनजी (डी)		सीएनजी		पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर- इंच किमी	
						एमडब्ल्यूपी लक्ष्य	उपलब्धि	एमडब्ल्यूपी लक्ष्य	उपलब्धि	एमडब्ल्यूपी लक्ष्य	उपलब्धि
1.	औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	06-सितम्बर-18	04-फरवरी-29	14271	5026	12	16	800	958
2.	बेगुसराय जिला	बिहार	थिंक गैस बेगुसराय प्राइवेट लिमिटेड	20-सितंबर-18	30-सितंबर-28	169787	7372	25	10	762	722
3.	गया एवं नालन्दा जिले	बिहार	इंडियन-ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	20-सितंबर-18	30-सितंबर-28	37591	4938	46	25	1304	1389
4.	अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-03-2019	31-मार्च-30	305200	14978	79	11	910	1549
5.	अरवल, जहानाबाद, भोजपुर और बक्सर जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	(नई आरंभ तिथि 01.01.2022)	05-अगस्त-29	80636	16825	50	13	1023	2514
6.	खगड़िया,सहरसा और मधेपुरा जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-मार्च-19	31-मार्च-30	24730	4404	9	7	374	724
7.	लखीसराय,मुंगेर और भागलपुर जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-03-2019	05-अगस्त-29	54471	12861	16	12	1625	1802
8.	मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण और समस्तीपुर जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	(नई आरंभ तिथि 01.01.2022)	05-अगस्त-29	1006975	54021	222	48	2838	7122
9.	नवादा और कोडरमा जिले	बिहार और झारखंड	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-मार्च-19	31-मार्च-30	13632	2876	21	5	527	499
10.	शेखपुरा, जमुई और देवघर जिले	बिहार और झारखंड	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-मार्च-19	05-अगस्त-29	37441	10014	16	8	1564	2363
11.	दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सीतामढी और शिवहर जिले	बिहार	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-03-2019	31-मार्च-30	1010999	49360	50	24	2895	3625
12.	गोपालगंज, सीवान, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और देवरिया जिले	बिहार और उत्तर प्रदेश	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	(नई आरंभ तिथि 01.01.2022)	30-जून-30	1010999	53037	67	31	4141	3469
13.	पटना जिला	बिहार	गेल (इंडिया) लिमिटेड	29-मार्च-19	31-मार्च-25	50154	98160	एनए	37	2445	2443
14.	बांका (बिहार), दुमका, गोड्डा, जामतारा, पाकुर और साहिबगंज जिले	बिहार और झारखंड	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	15-मार्च-22	30-जून-30	1476189	1251	99	21	2007	1662
योग						52,93,075	3,35,123	712	268	23,215	30,841

स्रोत: पीएनजीआरबी

****